रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

कमांक/परीक्षा/2026/2623 जबलपुर दिनांक 13/11/2026

संशोधित अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना क्र./परीक्षा/2026/2598 के तारतम्स में सत्र 2026–27 में प्रवेशित बी.एड./बी.एड साइंस/एम.एड./एम.एड. साइंस प्रथम सेमेस्टर नियमित/ऐटीकेटी/भूतपूर्व छात्र दिसम्बर 2026 के परीक्षा आवेदन पत्र भराये जाने हेतु जारी अधिसूचना क्र./परीक्षा/2026/2621 दिनांक 12/11/2026 में संशोधन करते हुए परीक्षा आवेदन पत्र भराये जाने की तिथि एवं शुल्क विवरण के साथ निम्नानुसार घोषित किया जाता है :–

तिथियां :–

आन लाईन आवेदन पत्र जमा करने की तिथि	17.11.2026 से 23.11.2026 तक
विलंब शुल्क 100/– के साथ	26.11.2026 तक
विलंब शुल्क 750/– के साथ	28.11.2026 तक

परीक्षा प्रारंभ होने के सात दिवस पहले से एवं परीक्षा तिथि से एक दिवस पूर्व तक विशेष विलंब शुल्क 2000/– देय होगी ।

परीक्षा शुल्क का विवरणः–

		नियमित छात्र	एटीकेटी(एक विषय)	भूतपूर्व छात्र
1.	बी.एड प्रथम सेमेस्टर	3120/–	2200/–	2950/–
2.	बी.एड. साइंस प्रथम सेमे.	3800/–	2015/–	3630/–
3.	एम.एड. प्रथम सेमे.	4020/–	2895/–	3850/–
4.	एम.एड. साइंस सेमे.	4020/–	2895/–	3850/–

टिप्पणी :– एक से अधिक विषय में एटीकेटी होने पर संपूर्ण परीक्षा शुल्क देय होगी।

1. महाविद्यालय अपने यहां प्रत्येक प्रवेशित छात्रों के परीक्षा संचालन शुल्क 300/–रूपये एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रूपये कुल 350/– रूपये महाविद्यालय स्तर पर जमा करवायेगा। तथा परीक्षा संचालन शुल्क 300/– रूपये में से 200/– रूपये निर्धारित परीक्षा केन्द्र में जमा करायेंगे तथा 100/– रूपये आंतरिक मूल्यांन एव प्रायोगिक परीक्षा में महाविद्यालय व्यय करेगा ।
2. विद्यार्थी को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त नामांकन कमांक/अनुकमांक (Roll No.) के आधार पर एम.पी.आनलाईन के क्योस्क के माध्यम से उपर उल्लेखित निर्धारित शुल्क का भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे तथा online आवेदन की हार्ड कापी पूर्व परीक्षा की अंकसूची के साथ महाविद्यालय में जमा करें।
3. महाविद्यालय प्राचार्य छात्र/छात्राओं की पात्रता निर्धारण करते हुए आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्रों को अपने स्तर पर अनुमोदित (Approvel) करेंगे सूची के साथ हार्ड कापी एवं मूल प्रमाणपत्रों की छायाप्रति के साथ विश्वविद्यालय में दिनांक 30/11/2026 तक तक आवश्यक रूप से संबंधित कार्य सहायकों के पास जमा करेंगे। अंतिम तिथि के पश्चात् 100/– विलंब शुल्क देय होगा।

प्राचार्य/विद्यार्थियो के लिए आवश्यक निर्देश :–

विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचित है कि आपके महाविद्यालय/विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में एवं अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को **ABC (Acadmic Bank of credit** एवं **Swayam Portal)** पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है ।

रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात् छात्र/छात्राओं को प्राप्त आई.डी. नम्बर को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर की वेबसाइट **rdvv.mponline.gov.in** की **ABC (Acadmic Bank of credit** एवं **Swayam Link)** पर अपडेट करना भी अनिवार्य है । उसके पश्चात् ही छात्र/छात्राए परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगें ।

आदेशानुसार,

13/11/26

परीक्षा नियंत्रक
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,
जबलपुर

पृ.क./परीक्षा/2026/2623"अ" जबलपुर दिनांक 13/11/2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत :–

1. प्राचार्य समस्त संबंद्ध महाविद्यालय रा.दु.वि.वि. जबलपुर ।
2. परीक्षा नियंत्रक, रा0दु0वि0वि0, जबलपुर ।
3. वित्त नियंत्रक लेखा, रा0दु0वि0वि0., जबलपुर ।
4. उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), रा0दु0वि0वि0, जबलपुर ।
5. प्रभारी नोडल अधिकारी नोडल सेंटर, एम.पी.आनलाइन रा.दु.वि.वि.जबलपुर ।
6. प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र विश्वविद्यालय बेबसाईट पर अपलोड करे।
7. सुदृढ कक्ष/विश्वविद्यालय प्रेस/समस्त कार्यसहायक(परीक्षा) रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
8. माननीय कुलगुरू जी/कुलसचिवजी के निजी सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
जबलपुर